डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ./61/16/सा.अ.पु./प्रे.वि./ 21 दिसंबर 2016

## प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2016 घोषित

नई दिल्ली, 21 दिसंबर 2016; साहित्य अकादेमी ने आज 24 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। आठ कविता-संग्रह, सात कहानी-संग्रह, पाँच उपन्यास, दो समालोचना, एक निबंध-संग्रह और एक नाटक के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए।

अपने कविता-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 8 कवि हैं : ज्ञान पुजारी (असमिया), अंजु (अंजलि नार्जारी) (बोडो), कमल वोरा (गुजराती), प्रभा वर्मा (मलयाळम्), सीतानाथ आचार्य शास्त्री (संस्कृत), गोबिन्दचन्द्र माझी (संताली), नन्द जावेरी (सिन्धी) और पापिनेनि शिवशंकर (तेलुगु)।

अपने कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 7 कहानीकार हैं : छत्रपाल (डोगरी), श्याम दरिहरे (मैथिली), मोइराङ्थेम राजेन (मणिपुरी), आसाराम लोमटे (मराठी), पारमिता सत्पथी (ओड़िया), बुलाकी शर्मा (राजस्थानी) और वन्नदासन (तमिळ)।

जेरी पिंटो (अंग्रेज़ी), नासिरा शर्मा (हिन्दी), बोलवार महमद कुञि (कन्नड), एडविन जे.एफ़. डिसोजा (कोंकणी) और गीता उपाध्याय (नेपाली) को उनके उपन्यास हेतु पुरस्कृत किया गया।

नृसिंह प्रसाद भादुड़ी (बाङ्ला) को उनके निबंध के लिए और स्वराजबीर (पंजाबी) को नाटक के लिए तथा अज़ीज़ हाजिनी (कश्मीरी) और निज़ाम सिद्दिकी (उर्दू) को समालोचना के लिए पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना गया है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए आज पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2010 से 31 दिसम्बर 2014 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 22 फ़रवरी 2017 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में दिए जाएँगे।

(के. श्रीनिवासराव)

**संलग्नक** : पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची 'क'
निर्णायक मंडल के सदस्यों की सूची 'ख'

प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

<u>सूची 'क'</u>

# साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2016

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | रचनाकार |
|---|---|---|
| असमिया | **मेघमालार भ्रमण** (कविता) | ज्ञान पुजारी |
| बाङ्ला | **महाभारतेर अष्टादशी** (निबंध) | नृसिंह प्रसाद भादुड़ी |
| बोडो | **आं माबोरै दं दासों** (कविता) | अंजु (अंजलि नार्जारी) |
| डोगरी | **चेता** (कहानी) | छत्रपाल |
| अंग्रेज़ी | **एम एंड द बिग हूम** (उपन्यास) | जेरी पिंटो |
| गुजराती | **अनेकअेक** (कविता) | कमल वोरा |
| हिन्दी | **पारिजात** (उपन्यास) | नासिरा शर्मा |
| कन्नड | **स्वतंत्रायदा ओटा** (उपन्यास) | बोलवार महमद कुञ्ञि |
| कश्मीरी | **आने ख़ाने** (समालोचना) | अज़ीज़ हाजिनी |
| कोंकणी | **काळे भांगार** (उपन्यास) | एडविन जे.एफ़. डिसोजा |
| मैथिली | **बड़की काकी एट हॉटमेल डॉट कॉम** (कहानी) | श्याम दरिहरे |
| मलयाळम् | **श्याममाधवम** (कविता) | प्रभा वर्मा |
| मणिपुरी | **चेपथरबा ईशिङ्पुन** (कहानी) | मोइराङ्थेम राजेन |
| मराठी | **आलोक** (कहानी) | आसाराम लोमटे |
| नेपाली | **जन्मभूमि मेरो स्वदेश** (उपन्यास) | गीता उपाध्याय |
| ओड़िया | **प्राप्ति** (कहानी) | पारमिता सत्पथी |
| पंजाबी | **मसिआ दी रात** (नाटक) | स्वराजबीर |
| राजस्थानी | **मरदजात अर दूजी कहाणियाँ** (कहानी) | बुलाकी शर्मा |
| संस्कृत | **काव्यनिर्झरी** (कविता) | सीतानाथ आचार्य शास्त्री |
| संताली | **नालहा** (कविता) | गोबिन्दचन्द्र माझी |
| सिन्धी | **आखर कथा** (कविता) | नन्द जावेरी |
| तमिळ | **ओरु सिरु इसै** (कहानी) | वन्नदासन |
| तेलुगु | **रजनीगन्धा** (कविता) | पापिनेनि शिवशंकर |
| उर्दू | **माबाद-ए-जदिदिआत से नये अहेद की तखलिकियात तक** (समालोचना) | निज़ाम सिद्दिकी |

सूची 'ख'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2016 के लिए चयन समिति के सदस्यों की सूची

**असमिया**
1. डॉ. ध्रुव ज्योति बोरा
2. प्रो. मालिनी गोस्वामी
3. श्री समीर तांती

**बाङ्ला**
1. श्री नरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती
2. प्रो. चिन्मय गुहा
3. श्री जय गोस्वामी

**बोडो**
1. डॉ. अंजलि प्रभा दैमारी
2. श्री बिश्वेश्वर बसुमतारी
3. डॉ. रीता बोरा

**डोगरी**
1. प्रो. चम्पा शर्मा
2. श्री देशबंधु डोगरा 'नूतन'
3. श्री वेद राही

**अंग्रेज़ी**
1. श्री किरन नगरकर
2. प्रो. सुसी जे. थारु
3. प्रो. ए.एन. द्विवेदी

**गुजराती**
1. श्री हसमुख बारडी
2. श्री सतीश व्यास
3. डॉ. शिरीष जे. पांचाल

**हिन्दी**
1. प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल
2. डॉ. रामदरश मिश्र
3. डॉ. रमेशचन्द्र शाह

**कन्नड**
1. डॉ. एच.सी. बोरलिंगय्या
2. श्री एल. हनुमन्तय्या
3. श्री एस.जी. सिद्धरमय्या

**कश्मीरी**
1. प्रो. मरगूब बनिहाली
2. बशीर भद्रवाही
3. श्री गुलाम नबी आतश

**कोंकणी**
1. सुश्री मीना काकोदकर
2. श्री नगेश करमाली
3. श्री शरतचन्द्र शिनॉय

**मैथिली**
1. डॉ. भगवानजी चौधरी
2. डॉ. देवेन्द्र झा
3. डॉ. रूपनारायण चौधरी

**मलयाळम्**
1. श्री अलनकोडे लीलाकृष्णन
2. डॉ. एम. लीलावती
3. प्रो. वी. सुकुमारन

**मणिपुरी**
1. डॉ. हाओबम नलिनी देवी
2. प्रो. ई. सोनामणि सिंह
3. श्री रघु लीशाङथम

**मराठी**
1. डॉ. गंगाधर पानतावणे
2. डॉ. मनोहर जगन्नाथ जाधव
3. डॉ. चन्द्रकान्त पाटील

**नेपाली**
1. डॉ. गोकुल सिन्हा
2. श्री मनबहादुर प्रधान
3. श्री सानू लामा

**ओड़िया**
1. डॉ. बाबाजी चरण पटनायक
2. श्रीमती बीणापाणि महांति
3. श्री रमाकान्त रथ

**पंजाबी**
1. श्री दर्शन बुट्टर
2. श्री गुरबचन सिंह भुल्लर
3. श्री प्रेम प्रकाश

**राजस्थानी**
1. श्री आईदान सिंह भाटी
2. डॉ. गोरधन सिंह शेखावत
3. डॉ. श्रीलाल मोहता

**संस्कृत**
1. डॉ. बलदेवनंद सागर
2. डॉ. एस. रंगनाथ
3. डॉ. एन. वीज़ीनाथन

**संताली**
1. श्री छोटे राम माझी
2. श्री रामचन्द्र हेम्ब्रम
3. श्री सलखू मुर्मु

**सिंधी**
1. श्री लक्ष्मण दुबे
2. श्री मोहन हिमथाणी
3. डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी

**तमिळ**
1. डॉ. डी. सेल्वराज
2. डॉ. के.एस. सुब्रह्मण्यम
3. डॉ. एम. रामलिंगम

**तेलुगु**
1. डॉ. कोलकलुरी इनोक
2. श्री मुनिपल्ले राजु
3. प्रो. एस.वी. रामाराव

**उर्दू**
1. प्रो. अतीकुल्लाह
2. श्री कृष्ण कुमार तूर
3. श्री फे शीन एजाज़